सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–**323**
28/03/202

राज्यपाल ने पथ निर्माण विभाग के कार्यों की जानकारी प्राप्त की

पटना 28 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव से विभाग से संबंधित परियोजनाओं एवं कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा महत्वपूर्ण निदेश दिये। उन्होंने बिहार में विगत 20 वर्षों में कराये गए विकास कार्यों, विशेषकर विधि व्यवस्था में सुधार एवं आधारभूत संरचना के विकास हेतु किये गये कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बिहार के किसी भी कोने से पाँच घंटे में पटना पहुँचने की सुलभता अत्यन्त सराहनीय है।

राज्यपाल ने कहा कि सड़क निर्माण की योजना में एयर क्राफ्ट के उतरने एवं हैलीपैड की व्यवस्था भी शामिल होनी चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री ने भी ऐसा सुझाव दिया है। आपदा प्रबंधन के दौरान हैलीपैड की काफी जरूरत पड़ती है। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में सड़क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पुल निर्माण के समय भूकंप के मामले में बिहार की संवेदनशीलता को ध्यान में रखा जाना चाहिए। फ्रेंडली टोल पोस्ट की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वहाँ जरूरी सुविधाएँ उपलब्ध होनी चाहिए। सड़कों का भी एक संपूर्ण इकोसिस्टम होना चाहिए। पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने बताया कि नई परियोजनाओं में इन पहलुओं को ध्यान में रखा जा रहा है।

बैठक में पथ निर्माण विभाग के विजन, नई पहलें तथा विभाग, बिहार राज्य पथ विकास निगम लि०, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० व एन०एच०ए०आई० की चालू एवं आगामी परियोजनाओं आदि की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० रॉबर्ट एल० चोंग्थू, पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल, बिहार राज्य पथ विकास निगम लि०, पटना के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि० के प्रबंध निदेशक श्री जितेन्द्र कुमार तथा एन०एच०ए०आई० एवं पथ निर्माण विभाग के अभियंतागण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....